आज दिनांक 24 अप्रैल 2026 को महर्षि दयानंद विश्विद्यालय के लोक प्रशासन विभाग, पंडित दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलप्मेंट और पंडित दीन दयाल उपाध्याय रिसर्च चेयर की संयुक्त साझेदारी द्वारा पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम सभा की मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय शासन की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सेवा सिंह दहिया द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की बैठक का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा और निर्णय प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को पंचायत स्तर पर जनभागीदारी, पारदर्शिता और निर्णय लेने की प्रक्रिया की गहन समझ प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजपाल सिंह चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, रोहतक उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्थानीय शासन के विषय पर एक विस्तार व्याख्यान भी दिया, जिसमें पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली, चुनौतियों एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें स्थानीय शासन की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार कुंडू द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे सत्र को प्रभावशाली ढंग से संचालित किया। इस कार्यक्रम में डॉ एस एस चाहर, डॉ जगबीर नरवाल, डॉ राजेश कुंडू, डॉ. समुंदर सिंह, डॉ सुमनलता सहित सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।